टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए', मिनी रत्न पीएसयू)
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)

Great Place To Work. Certified

गंगावतरणम
GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

38वाँ स्थापना दिवस विशेषांक

विद्युत उत्पादन हमारी कटिबद्धता...
समाज का विकास हमारी प्रतिबद्धता...

जुलाई, 2025

Generating Power...Transmitting Prosperity...

मुख्य संरक्षक
श्री आर. के. विश्नोई
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संरक्षक
श्री शैलेन्द्र सिंह
निदेशक (कार्मिक)

संपादक
डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
मुख्य महाप्रबंधक
(मा. सं. एवं प्रशा. एवं जनसंपर्क)

उप संपादक
डॉ. काजल परमार
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

विशिष्ट सहयोग
श्री पंकज कुमार शर्मा
उप प्रबंधक (राजभाषा)

सहायक संपादक
श्री ईशान भूषण
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

समन्वयक

टिहरी
श्री मनबीर सिंह नेगी
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कोटेश्वर
श्री आर. डी. मंमगाई
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
श्री के. सूर्या मौली
सहायक प्रबंधक (मा.सं एवं प्रशा.)

खुर्जा
श्री प्रभात कुमार
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

पीपलकोटी
श्री यतवीर सिंह चौहान, प्रबंधक (जनसंपर्क)
व **श्री अविनाश कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

ऋषिकेश
श्री अभिषेक तिवारी
जनसंपर्क अधिकारी

CONTENTS

1. CMD's Message ——— 3.

2. COD process of 2nd Unit of Tehri PSP by Secretary Power, Govt. of India ——— 5.

3. CMD visited KSTPP & Plantation drive organized at Tehri project site ——— 6.

4. THDCIL's HRD center awarded with 'Centre of Excellence' certification ——— 7.

5. THDC signed MoU with Balmer Lawrie & Co. Ltd. ——— 8.

6. THDCIL Raised ₹600 Cr via Bonds at 7.45% Coupon & THDC-IKCA players awarded at Tehri ——— 9.

7. THDC signed PPAs for 1200 MW Kalai-II HEP ——— 10.

8. 38th Foundation Day celebrated with enthusiasm ——— 11.

9. Review meeting for the National Commission of SC, GOI ——— 12.

10.Winners of Award and Reward Scheme 2025 ——— 13.

11. Vigilance deptt, KSTPP organized a workshop & BOCW Act registration camp at KSTPP ——— 17.

12. Building Resilience in the Hills: Symposium Showcases Advanced Geotechnical Techniques ——— 18.

13. Safety Awareness Campaign at KSTPP & Health Talk workshop at KSTPP ——— 19.

14. Ladies Club ——— 20.

15. EFWS launched at VPHEP & Sports Competition organized at VPHEP ——— 21.

15. Mock Drill organized at VPHEP ——— 22.

16. Beyond the desk ——— 23.

17. Retirements ——— 24.

संघर्ष जितना बड़ा होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
The greater the struggle, the more glorious the victory.

38वें स्थापना दिवस पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

टीएचडीसी परिवार के मेरे प्रिय सदस्यों, देवियों और प्यारे बच्चों,

सर्वप्रथम मैं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के गौरवशाली 38वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित करता हूं। यह दिन टीएचडीसी की स्थापना का केवल एक मात्र दिन नहीं है, अपितु यह उन आदर्शों, सिद्धांतों और अथक परिश्रम से प्राप्त हुई उपलब्धियों का उत्सव मनाने का दिन भी है जिन्हें हमने अपने जीवन में अपनाया और जिन्होंने इस संगठन को ऊर्जा क्षेत्र में बहुत प्रतिष्ठित स्थान पर पहुंचाया है।

वर्ष 1988 में टिहरी हाइड्रो पॉवर कॉम्प्लेक्स के निर्माण, प्रचालन एवं अनुरक्षण के एक मात्र उद्देश्य के साथ निगम ने अपनी यात्रा प्रारंभ की और आज यह 2747 मेगावाट की संस्थापित क्षमता के साथ ऊर्जा के विविध स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कर रहा है। राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देते हुए निगम की यह यात्रा प्रेरणादायक गाथा बन चुकी है। यह सफलता केवल ईंट, पत्थर व सीमेंट की संरचनाओं की नहीं, अपितु उन समर्पित कर्मयोगियों की है, जिन्होंने अपने ज्ञान, कौशल व निष्ठा से इस संगठन को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

"**कर्तव्यमेव परमं तपः।**" अर्थात कर्तव्यनिष्ठ कर्मियों का परिश्रम ही किसी भी संगठन की वास्तविक संपदा होता है, और यही उस संगठन को साधारण से उत्कृष्ट संगठन बनने की ओर अग्रसर करता है।

इस दिन को और अधिक विशेष बनाते हुए हमारे मध्य निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री डी.वी.सिंह साहब आज यहां उपस्थित हैं। सर आपकी गरिमामयी उपस्थिति और आपका सानिध्य हमें अभिभावक के रूप में प्रेरित करता है। जिस प्रकार एक वटवृक्ष अपने सानिध्य में सभी को छाया देता है और शीतलता प्रदान करता है, उसी प्रकार आज हम आपका सानिध्य पाकर अभिभूत हो रहे हैं।

साथियो, बीते 37 वर्ष हमारे लिए अनेक गौरवशाली क्षण लेकर आए। इस कालखंड में हमने अनेक उपलब्धियां अर्जित की और अपनी यशस्वी यात्रा जारी रखी। हम हर वर्ष अपने दृढ़ परिश्रम से न केवल अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हुए हैं, अपितु उन्हें नवीन ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सामर्थ्यवान एवं सक्षम हुए हैं।

पिछले स्थापना दिवस से इस स्थापना दिवस का समय हमारे लिए उपलब्धियों की दृष्टि से अत्यंत फलदायक रहा। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने देश की प्रथम वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना (1000 मेगावाट) की 250-250 मेगवाट की प्रथम और द्वितीय यूनिटों की सीओडी की प्रक्रिया सफलतापूर्वक प्रारंभ कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे ऊर्जा क्षेत्र में न केवल टीएचडीसी के यश एवं कीर्ति में वृद्धि है, अपितु भारत की पीएसपी की ऊर्जा यात्रा में एक स्वर्णिम अध्याय भी जुड़ा है।

अब वह दिन दूर नहीं, जब टिहरी पीएसपी की शेष दो यूनिट भी राष्ट्र को समर्पित कर दी जाएंगी, जिससे 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स का स्वप्न साकार होगा। और यह राष्ट्र के प्रति हमारी सच्ची सेवा और साक्षात देशभक्ति का प्रमाण होगा |

जैसे कि आप सभी ने सुना ही है कि **"परिश्रम ही सफलता की जननी है।"**

इसी कड़ी में हमने 1320 मेगावाट की खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट की प्रथम यूनिट का सफलतापूर्वक वाणिज्यिक प्रचालन प्रारंभ कर दिया है, जो कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की तकनीकी उत्कृष्टता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। निकट भविष्य में इस प्लांट की दूसरी यूनिट भी राष्ट्र को समर्पित करने का लक्ष्य है। इन दोनों परियोजनाओं ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को न केवल एक नई पहचान दी है, बल्कि देश के ऊर्जा परिदृश्य में हमारी उपस्थिति को और भी सुदृढ़ किया है। इन परियोजनाओं में कार्य कर रहे मेरे साथी जो आज इस संदेश को लाइव सुन रहे हैं, वे विशेष बधाई एवं अभिनंदन के पात्र हैं।

हमारी अन्य परियोजनाओं पर भी तेज गति से कार्य चल रहा है। अमेलिया कोल माइन परियोजना में रेलवे साइडिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ईपीसी पैकेजेस का समयबद्ध निष्पादन किया जा रहा है। जिससे खुर्जा परियोजना को समयबद्ध तरीके से पर्याप्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जून, 2025 तक अमेलिया कोयला खदान से 61 लाख टन कोयला निकाला गया है।

साथ ही, 444 मेगावाट की विष्णुगाड पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना में भी तेजी से कार्य चल रहा है। जैसा कि आप सभी को मालूम ही है कि पिछले कई वर्षों से हम इस परियोजना में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे थे, परंतु पिछले कुछ समय से इस परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और मुझे आशा ही नहीं अपितु विश्वास है कि जल्द ही हम इस परियोजना की कमीशनिंग करने में सफल होंगे।

''आज भारत 'सम्भव है' की भावना से प्रेरित होकर असंभव को भी संभव करके दिखा रहा है। जब संकल्प पवित्र होता है और प्रयास प्रामाणिक, तो सफलता निश्चित होती है।'' जैसा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है, ''देश तभी आगे बढ़ता है, जब उसका हर नागरिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ता है। यही सामूहिक प्रयास राष्ट्र निर्माण की असली नींव है।''

हाल ही में हमने टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट से उत्पादित की जाने वाली 184.08 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए गुजरात सरकार व गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन एवं विद्युत क्रय करार पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हमारे अभिनव प्रयासों और सतत ऊर्जा समाधान की प्रतिबद्धता का परिचायक है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की यह परियोजना हमारी प्रौद्योगिकीय कुशलता और पर्यावरण के प्रति हमारे उत्तरदायित्व की श्रेष्ठता को प्रदर्शित करती है। हमने विद्युत के क्षेत्र में अपनी प्रखरता प्राप्त करने के साथ-साथ अनेक उच्च स्तरीय अभियांत्रिकी समाधानों में भी अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। इनमें विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण हिमालयी भूगर्भीय क्षेत्रों में ढलानों का स्थिरीकरण, भूस्खलन शमन और भू-तकनीकी परामर्श शामिल हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय विद्युत नीति के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता रखते हुए सभी को 24X7 किफायती, विश्वसनीय विद्युत प्रदान कराने के साथ ही हमने हमेशा समाज को लाभ पहुंचाने एवं जनसमुदाय के उत्थान और राष्ट्र की समग्र प्रगति में योगदान देने का प्रयास किया है।

यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि सितंबर, 2024 में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने महाराष्ट्र सरकार के साथ छह पंप स्टोरेज परियोजनाओं (6,790 मेगावाट) के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इन छह परियोजनाओं में से चार परियोजनाएं वाणिज्यिक दृष्टि से व्यवहार्य पाई गई हैं, जिनमें से तीन की डीपीआर तैयार की जा रही है, जबकि चौथी परियोजना के लिए कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। मुझे यह भी बताते हुए खुशी हो रही है कि अरुणाचल प्रदेश में हमारी 1200 मेगावाट की कलाई-II जल विद्युत परियोजना के लिए सीईए ने ₹13,760 करोड़ की परियोजना लागत तय की है । इस परियोजना के लिए सभी प्रमुख मंजूरियां और निवेश अनुमोदन अगस्त-सितंबर, 2025 तक प्राप्त होने की आशा है, जिससे तेजी से इस परियोजना पर निष्पादन का मार्ग प्रशस्त होगा।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड अब केवल विद्युत उत्पादन करने वाला संस्थान ही नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से परिपूर्ण एक जनहितकारी संस्थान की भूमिका भी निभा रहा है। हम अपनी सीएसआर गतिविधियों जैसे ग्रामीण शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, आदि के माध्यम से समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हमारी सीएसआर की विभिन्न पहलों के अंतर्गत बनाए गए प्रशिक्षण संस्थान अब सामाजिक नवाचार का केंद्र बन गए हैं, जो तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ सामाजिक समावेशन और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जैसा कि कहा गया है कि **''वृक्ष अपने फल से, व्यक्ति अपने कर्म से और संस्था अपने मूल्यों से पहचानी जाती है।''**

मुझे यह भी कहते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि हमारे सभी कार्य हमारे संस्थान के मिशन, विज़न और मूल्यों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे हैं।

साथियों, यह 37 वर्षों की यात्रा सरल नहीं थी। इस यात्रा के दौरान अनेक उतार-चढ़ाव आए, प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न हुई और अनेक बार चुनौतीपूर्ण समय से भी सामना हुआ, परंतु हम सबने एकजुटता, अटल विश्वास और कर्तव्य निष्ठा के बल पर हर समस्या को अवसर में बदला। मुझे गर्व है कि टीएचडीसी के सभी अधिकारी, अभियंता व कर्मचारी देश की सर्वश्रेष्ठ मानवशक्ति में से एक हैं।

इस गौरवपूर्ण यात्रा में हमारे वरिष्ठ सहयोगी, जिन्होंने संस्थान की नींव रखने से लेकर उसे सशक्त बनाने तक की हर चुनौती का दृढ़ता के साथ सामना करते हुए हमारे पथप्रदर्शक के रूप में कार्य किया, वे विशेष रूप से हमारे लिए सम्मान के पात्र हैं। जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्होंने अपने श्रम, अनुभव और मार्गदर्शन से एक ऐसी कार्य संस्कृति का निर्माण किया है, जो आज भी हम सबको प्रेरित करती है। वहीं, हमारे वर्तमान कर्मचारी अपनी नवीन ऊर्जा और प्रतिबद्धता से इस विरासत को और आगे ले जा रहे हैं। यह संतुलन ही हमारी शक्ति है।

अब समय है भावी रणनीति निर्धारण का। हमें सतत विकास, नवाचार, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सामाजिक समावेशन को अपनी कार्य संस्कृति में और अधिक गहराई से आत्मसात करना होगा। 38वां स्थापना दिवस केवल अतीत की गौरवगाथा का उत्सव नहीं, अपितु भविष्य के नव संकल्पों एवं दायित्वों की उद्घोषणा भी है।

आइए, इस शुभ अवसर पर हम यह संकल्प लें कि-

"निःस्वार्थं कर्म करोति सः कर्मयोगी।"

(अर्थात जो व्यक्ति निःस्वार्थ भाव से कार्य करता है, वही सच्चा कर्मयोगी है।)

हम अपने ज्ञान, मूल्यों और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ भारत को ऊर्जा की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।

मैं आप सभी कर्मशील सहयोगियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अभियंताओं और उनके परिवार के सदस्यों एवं भागीदारों का इस विशेष दिवस पर कोटिशः धन्यवाद करता हूं। आप सभी की निष्ठा, परिश्रम और समर्पण ही हमारे संगठन की रीढ़ हैं।

आप सभी को पुनः स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका भविष्य उज्ज्वल हो, आपकी ऊर्जा अक्षय रहे।

धन्यवाद,

जय हिंद, जय भारत।

(**आर. के. विश्नोई**)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संघर्ष जितना बड़ा होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
The greater the struggle, the more glorious the victory.

टीएचडीसी की बड़ी उपलब्धि, विद्युत मंत्रालय के सचिव श्री पंकज अग्रवाल के करकमलों द्वारा टिहरी पीएसपी की दूसरी यूनिट की सीओडी प्रक्रिया आरंभ हुई

भारत की नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण प्रगति में, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने उत्तराखंड के टिहरी में 1000 मेगावाट के वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की दूसरी यूनिट (250 मेगावाट) के लिए सीओडी प्रक्रिया की सफल शुरुआत की घोषणा की।

टिहरी पीएसपी का यह विकास भारत की जलविद्युत क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है क्योंकि टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट न केवल देश की पहली वैरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज सुविधा है, बल्कि किसी भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम द्वारा कार्यान्वित अपनी तरह की सबसे बड़ी सुविधा भी है। प्रथम यूनिट जून, 2025 से पहले से ही सफलतापूर्वक प्रचालित हो रही है, दूसरी इकाई की सीओडी प्रक्रिया का प्रारंभ, एक तकनीकी रूप से उन्नत एवं ग्रिड- संतुलन हेतु स्वच्छ ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ता प्रदान करने में टीएचडीसीआईएल के नेतृत्व को और महत्वपूर्ण बनाता है।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव श्री पंकज अग्रवाल (आईएएस) उपस्थित थे, जिन्होंने विद्युत मंत्रालय के अपर सचिव श्री आकाश त्रिपाठी (आईएएस), विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री मोहम्मद अफजल, एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री गुरदीप सिंह, टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. के. विश्नोई, निदेशक (कार्मिक) श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक(तकनीकी) श्री भूपेन्द्र गुप्ता एवं निदेशक (वित्त) श्री सिपन कुमार गर्ग की विशिष्ट उपस्थिति में वर्चुअल मोड के माध्यम से दूसरी इकाई के प्रचालन की आधिकारिक शुरुआत की।

विद्युत मंत्रालय के सचिव श्री पंकज अग्रवाल (आईएएस) ने समारोह को संबोधित करते हुए दूसरी यूनिट की वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) प्रक्रिया के शुभारंभ की सराहना की। उन्होंने माननीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल की ओर से टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ परियोजना से जुड़ी अनुबंध एजेंसियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्युत मंत्रालय को इस उपलब्धि पर गर्व है, जो पूरी टीम की प्रतिबद्धता और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। श्री अग्रवाल ने इस बात की भी सराहना की कि टीएचडीसीआईएल ने न केवल भारत में उन्नत पम्प स्टोरेज तकनीक विकसित की है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में पूरे प्रोजेक्ट को निष्पादित करने की चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी भी निभाई है।

एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री गुरदीप सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए टीएचडीसीआईएल की टीम को बधाई दी और इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि 04 जून को पहली यूनिट के सफल सीओडी संचालन के बाद 04 जुलाई को दूसरी यूनिट का संचालन, टीएचडीसीआईएल टीम की सतत प्रगति और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने टीम से इस गति को बनाए रखने का आग्रह किया और आशा व्यक्त की कि सतत प्रयासों सें अल्प समय में एक और मील का पत्थर भी हासिल कर लिया जाएगा।

टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. के. विश्नोई ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए पूरी टीएचडीसीआईएल टीम और कार्यान्वयन एजेंसियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री विश्नोई ने कहा कि टिहरी पीएसपी में दूसरी यूनिट की सीओडी प्रक्रिया का प्रारंभ न केवल टीएचडीसीआईएल द्वारा एक अत्याधुनिक तकनीकी सफलता का प्रतीक है, बल्कि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में एक दृढ़ कदम का भी संकेत देता है। 250 मेगावाट की चार रिवर्सिबल यूनिटों के साथ, टिहरी पीएसपी 1000 मेगावाट स्वच्छ पीकिंग विद्युत का उत्पादन करने का अनूठा लाभ प्रदान करता है, जो विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता और ग्रिड स्थिरीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। श्री विश्नोई ने कहा कि टिहरी पीएसपी की सभी चार यूनिटों के कमीशन होने पर, टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स 2400 मेगावाट विद्युत का उत्पादन करेगा, जो भारत का सबसे बड़ा जल विद्युत काम्पलैक्स बन जाएगा।

श्री शैलेंद्र सिंह, निदेशक(कार्मिक) ने टीम पीएसपी, टिहरी के अटूट समर्पण और सहयोग की सराहना की और इस उपलब्धि का श्रेय टीएचडीसीआईएल की मानव शक्ति के सामूहिक प्रयासों को दिया। श्री सिंह ने कहा कि टिहरी पीएसपी आंतरायिक नवीकरणीय ऊर्जा को संतुलित करने और जीवाश्म ईंधन आधारित पीकिंग पावर पर निर्भरता को कम करने के लिए एक स्मार्ट समाधान प्रदान करता है। यह अग्रणी दृष्टिकोण इस बात का उदाहरण है कि अत्याधुनिक जल विद्युत समाधान राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को कैसे शक्ति प्रदान कर सकते हैं।

निदेशक(तकनीकी) श्री भूपेंद्र गुप्ता ने टीम पीएसपी, टिहरी को अपनी हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि टीएचडीसीआईएल की सुदृढ़ तकनीकी दक्षता और सतत ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जैसे-जैसे देश अपनी नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के साथ आगे बढ़ता है, टीएचडीसीआईएल देश के विकसित ऊर्जा परिदृश्य और स्थिर लक्ष्यों में सार्थक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक(वित्त) श्री सिपन कुमार गर्ग ने इस उपलब्धि को हासिल करने में टीम टीएचडीसीआईएल के समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1000 मेगावाट का यह संयंत्र परिचालन लचीलापन प्रदान करेगा और ग्रिड स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे अंततः दीर्घकालिक राजस्व की प्राप्ति एवं तकनीकी लचीलापन सुनिश्चित होगा।

प्रमुख वैरियबल स्पीड टर्बाइन, जनरेटर और उन्नत डिजिटल नियंत्रण प्रणाली जीई वर्नोवा द्वारा आपूर्ति की गई है, जो ऊर्जा नवाचार में वैश्विक स्तर पर अग्रणी है। जीई वर्नोवा के योगदान ने टीएचडीसीआईएल को उच्च-निष्पादन समाधानों को एकीकृत करने में सक्षम बनाया है जो भारत में जलविद्युत उत्कृष्टता के लिए नए मानक स्थापित करते हैं।

इस अवसर पर टीएचडीसीआईएल के कार्यपालक निदेशक(टिहरी कॉम्प्लेक्स) श्री एल.पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक(प्रभारी एनसीआर) श्री नीरज वर्मा के साथ-साथ टीएचडीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी और जीई वर्नोवा, एचसीसी तथा विद्युत क्षेत्र के अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ परियोजना संघ के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की इक्विटी में एनटीपीसी तथा उत्तर प्रदेश सरकार की हिस्सेदारी है।

निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने किया खुर्जा परियोजना का दौरा

दिनांक 10 जुलाई, 2025 को श्री आर .के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना का दौरा किया। इस अवसर पर श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) भी उनके साथ उपस्थित रहे। अपने इस दौरे के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा सर्विस बिल्डिंग तथा वैगन टिपलर-2 का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशक (परियोजना), वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री विश्नोई एवं श्री गुप्ता ने सर्विस बिल्डिंग परिसर में वृक्षारोपण भी किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय ने परियोजना में कार्यरत अधिकारियों एवं संविदा एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने यूनिट -2 की कार्य प्रगति की समीक्षा की एवं कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को यह सुनिश्चित करने को कहा कि कार्य करने के दौरान सभी श्रमिकों के लिए सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन हो।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी में हरेला पर्व के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हरेला पर्व के अवसर पर 17 जुलाई, 2025 को टिहरी कोटि कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) श्री एल.पी. जोशी द्वारा आम का पेड़ लगाकर किया गया। श्री एल.पी. जोशी ने उपस्थित सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षों से हमें शुद्ध हवा, लकड़ी, फल और अन्य उपयोगी उत्पाद मिलते हैं, जो हमारे जीवन को आसान बनाते हैं और आर्थिक रूप से भी फायदेमंद होते हैं। वृक्षारोपण एक महत्वपूर्ण कार्य है जो हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी प्रत्येक व्यक्ति की होनी चाहिए, ताकि पेड़ जीवित रह सकें और पर्यावरण संतुलित रहे एवं धरती पर हरियाली-खुशहाली रहे। साथ ही उन्होंने सभी कार्मिकों को अपने कार्यस्थलों, घर के आसपास एवं अन्य खाली जगहों पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (कोटेश्वर परियोजना) श्री एम.के. सिंह, अपर महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.) श्री डी.पी. पात्रों, अपर महाप्रबंधक (पी.एस.डी.) श्री संजय महर, अपर महाप्रबंधक (नियोजन) श्री विपिन सकलानी, अपर महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री संजय पंवार, वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक) श्री त्रिलोक नेगी, प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री मनबीर सिंह नेगी, उप अभियंता (यांत्रिक) श्री लख्खू सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया गया टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड का 38वां स्थापना दिवस

12 जुलाई, 2025 को बड़े ही उत्साह और गौरव के साथ निगम के 38वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। निगम के कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश सहित सभी परियोजना इकाइयों व यूनिटों में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई द्वारा ध्वज फहराया गया तथा उपस्थित जन समूह को संबोधित किया गया। सभी परियोजना कार्यालयों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के संदेश को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया | इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), श्री भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) एवं श्री सिपन कुमार गर्ग, निदेशक (वित्त) उपस्थित रहे।

कारपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम की कुछ झलकियां

स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री डी. वी. सिंह को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन के विकास के प्रति उनके आजीवन समर्पण के लिए ''नमन'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया । साथ ही श्री नीरज वर्मा, कार्यपालक निदेशक (प्रभारी-एनसीआर), श्री ए.के. घिल्डियाल, कार्यपालक निदेशक (एपीपी); श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (वीपीएचईपी), डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन एवं कारपोरेट संचार) एवं श्री अजय कुमार गर्ग, महाप्रबंधक (वित्त) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित "गौरव" पुरस्कार प्रदान किया गया।

श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टीसी) टिहरी परियोजना में निगम का ध्वज फहराते हुए।

श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) खुर्जा परियोजना में निगम का ध्वज फहराते हुए।

अमेलिया कोल माइन परियोजना में स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का दृश्य।

कोटेश्वर परियोजना में स्थापना दिवस के आयोजन का दृश्य।

विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना में स्थापना दिवस के आयोजन का दृश्य।

देहरादून कार्यालय में स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

कौशांबी कार्यालय में स्थापना दिवस के आयोजन का दृश्य।

कासरगॉड

50 मेगावाट सोर परियोजना कासरगॉड में स्थापना दिवस के अवसर पर श्री डी. मणि, महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा ध्वज फहराया गया।

लखनऊ

निगम के लखनऊ कार्यालय में स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।

चित्रकूट

चित्रकूट कार्यालय में स्थापना दिवस के आयोजन का दृश्य।

झांसी

झांसी कार्यालय में स्थापना दिवस के आयोजन का दृश्य।

ललितपुर

ललितपुर कार्यालय में स्थापना दिवस के आयोजन का दृश्य।

Review Meeting by Hon'ble Member of National Commission for Scheduled Castes, Government of India

Sh. Love Kush Kumar, Hon'ble member of the National Commission for Scheduled Castes, Government of India, visited Dehradun on July 25, 2025, to review the implementation of the Reservation Policy at different Government departments and Establishments situated in Uttarakhand. Sh. Sandeep Singhal, Executive Director (Technical), THDCIL warmly welcomed all the team members of National Commission for Scheduled Castes, Government of India led by Sh. Love Kush Kumar, Hon'ble member of the National Commission for Scheduled Castes.

Sh. Y.K. Bansal, Consultant, National Commission for Scheduled Castes, Sh. B.K.Bhola, PS to Hon'ble Member of the National Commission for Scheduled Castes, Sh. Dharmendra Kumar PA to Hon'ble Member, Dr. A.N. Tripathy, CGM (HR &A and CC), Sh. Mukesh Verma , AGM (HR), Sh. S.J.Jeya Kumar, AGM (Design), Chief Liaison officer of SC/ST, Liaison officers of SC/ST of THDCIL were also present during the meeting.

Hon'ble Member expressed satisfaction with the efforts undertaken by THDCIL in implementing the Reservation Policy. He also engaged in a seperate detailed discussion with the SC/ST Welfare Association representatives to gain insights into the challenges and aspirations of the SC/ST community within the organization.

Furthermore, the Hon'ble member provided valuable suggestions for the welfare of SC/ST employees, and THDCIL management, represented by CGM (HR & A and CC), Dr. A.N. Tripathy assured the implementation of those recommendations affirming that THDC management has consistently maintained a pro-employee and friendly disposition. This commitment is especially heightened for the more vulnerable sections of society. Sh. R.K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) THDC India Limited, emphasizing THDCIL's unwavering dedication to social inclusion and the overall well-being of its diverse workforce, added that the organization has always committed to cultivating an inclusive and equitable workplace.

संघर्ष जितना बड़ा होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
The greater the struggle, the more glorious the victory.

टीएचडीसीआईएल एचआरडी केंद्र को एसएचआरएम इंडिया द्वारा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का गौरव प्राप्त

स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को निदेशक (कार्मिक) 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' सम्मान का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हुए।

निदेशक (कार्मिक) 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' सम्मान का प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, अपने मानव संसाधन विकास केंद्र, ऋषिकेश को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में प्रतिष्ठित एसएचआरएम इंडिया (सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) द्वारा प्रमाणित कर लिया है। यह गौरवपूर्ण मान्यता, टीएचडीसीआईएल के एचआरडी केंद्र को सार्वजनिक क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण संस्थानों की पंक्ति में शामिल करती है, जिसमें आईओसीएल एवं एचपीसीएल जैसे प्रमुख उपक्रम भी शामिल हैं।

टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. के. विश्नोई ने इस उपलब्धि पर एचआर टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान कंपनी की प्रतिभा विकास एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। निगम के कर्मचारी मानव संसाधन नीतियां एवं पहल, विशेषकर एचआरडी केंद्र, ज्ञान, नवाचार एवं परिवर्तन के प्रमुख स्रोत के रूप में निरंतर कार्य कर रहे हैं। यह मान्यता भविष्य के लिए तैयार, प्रशिक्षित कर्मचारी विकसित करने की हमारी दूरदर्शिता को रेखांकित करती है। एसएचआरएम-पीएसई बेंचमार्किंग पहल के अंतर्गत प्राप्त यह प्रमाणपत्र टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह केंद्र, सार्वजनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थानों की अग्रिम पंक्ति में स्थान प्राप्त कर चुका है, जो वैश्विक मानकों पर आधारित शिक्षण प्रणालियों और कर्मचारी-हितैषी प्रक्रियाओं को अपनाने की हमारी रणनीति को सशक्त बनाता है।

इस मान्यता के लिए अंतरराष्ट्रीय मापदंडों पर आधारित विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत, कंपनी की नीतियों की समीक्षा, प्रशिक्षण प्रतिक्रिया, एसओपी, सुरक्षा प्रोटोकॉल, उपस्थिति ऑडिट के साथ-साथ अधोसंरचना निरीक्षण और नेतृत्व, संकाय व कर्मचारियों से गहन संवाद सम्मिलित थे। यह मील का पत्थर टीएचडीसीआईएल की संगठन के सभी स्तरों पर क्षमता विकास, उत्कृष्टता और राष्ट्र की "विकसित भारत 2047" की परिकल्पना में योगदान की संकल्पबद्धता को दर्शाता है।

टीएचडीसीआईएल के निदेशक (कार्मिक) श्री शैलेन्द्र सिंह ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए, कंपनी द्वारा निरंतर अधिगम और व्यावसायिक विकास पर केंद्रित दृष्टिकोण को दोहराया। यह पुरस्कार मानव पूंजी विकास के क्षेत्र में टीएचडीसीआईएल की अग्रणी यात्रा का एक और स्वर्णिम अध्याय है। कठोर अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन मानदंडों के अनुरूप एचआरडी केंद्र को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में प्राप्त मान्यता, वैश्विक स्तर की प्रशिक्षण, डिजिटल क्षमता एवं व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ रणनीतिक समन्वय में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

श्री सिंह ने कहा कि टीएचडीसीआईएल के लिए मानव संसाधन केवल नीतियों और प्रक्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों के बारे में है। हमारी सोच सदैव कर्मचारी केंद्रित रही है, जिसमें प्रतिभा पोषण, समावेशिता, सतत अधिगम और ऐसा वातावरण तैयार करना शामिल है जहां प्रत्येक व्यक्ति फलता-फूलता है और संगठन की प्रगति में सक्रिय योगदान देता है।

टीएचडीसी का एचआरडी केंद्र केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि रणनीतिक परिवर्तन का संवाहक है। यह मान्यता प्रमाणित करती है कि हम अपने मानवबल को अत्याधुनिक ज्ञान और कौशल से लैस करने हेतु संकल्पित हैं, ताकि वे आज के प्रतिस्पर्धात्मक और परिवर्तनशील व्यावसायिक परिदृश्य में सशक्त योगदान दे सकें। यह उपलब्धि टीएचडीसीआईएल को नवाचार आधारित, शिक्षा केंद्रित संगठन के रूप में और अधिक मजबूती प्रदान करती है। इस अवसर पर श्री निशीथ उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक (नॉलेज एवं एडवाइजरी सर्विसेज), एसएचआरएम इंडिया तथा श्री निशांत पराशर, वरिष्ठ प्रबंधक, एसएचआरएम इंडिया द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस समारोह में टीएचडीसीआईएल के मुख्य महाप्रबन्धक (एचआर-प्रशासन, केंद्रीय संचार एवं एचआरडी) डॉ. ए. एन. त्रिपाठी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

टीएचडीसीआईएल का एचआरडी केंद्र आज ज्ञान और क्षमता निर्माण का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है, जो न केवल कंपनी के कर्मचारियों के लिए, अपितु अन्य केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों और अग्रणी बहुराष्ट्रीय निजी संस्थानों के लिए भी विश्वस्तरीय अधिगम अवसंरचना और संसाधन उपलब्ध करवा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस केंद्र ने लगभग ₹90 लाख का प्रशिक्षण राजस्व अर्जित किया, जो इसे व्यावसायिक विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड अब कई महत्वपूर्ण सुधारों और भविष्य-दृष्टि पहल के साथ नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है और आने वाले वर्ष में ₹2 करोड़ प्रशिक्षण राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। साथ ही, केंद्र अब अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों एवं वैश्विक संस्थानों तक अपनी सेवाएं विस्तारित करने की दिशा में भी तैयार है, जिससे यह वैश्विक स्तर का अधिगम और मानव संसाधन उत्कृष्टता केंद्र बनने की दिशा में सुदृढ़ता से अग्रसर रहेगा।

THDC Partners with Balmer Lawrie to Launch Self Booking Tool, Reinforcing Transparency and Employee Welfare

THDC India Limited has taken a significant step towards enhancing operational transparency and employee welfare measures by entering into an agreement with M/s Balmer Lawrie & Co. Ltd. for the launch of the Standard Self Booking Tool (SSBT).

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, conveyed his heartfelt congratulations on the signing of this MOU and highlighted that THDC India Limited has consistently achieved significant milestones in the power sector, most recently with the commissioning of two units of the 1000 MW Tehri Pumped Storage Plant, India's first Variable Speed PSP. These achievement stands as a testament to the dedication and commitment of THDCIL's workforce.

THDCIL continues to reinforce its commitment to excellence not only in Power Generation but also in Employee-Centric initiatives and employee welfare measures. Human Resource in THDCIL has been instrumental in launching a series of forward-looking initiatives aimed at enhancing transparency, convenience and seamless access to employees of which the implementation of this Standard Self Booking Tool (SSBT) is a noteworthy example. This latest initiative reflects THDCIL's broader vision of leveraging technology to simplify systems, enrich the employee experience, and usher in a new era of digital transformation across the organization.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), congratulated entire THDCIL family on this significant HR initiative and stated that THDCIL has achieved several key milestones in the Power Sector in recent years, driven by unwavering commitment and collective efforts of its dedicated workforce. Emphasizing the organization's people-centric approach, Sh. Singh stated that employee welfare remains a core priority at THDCIL, and initiatives like the Standard Self Booking Tool (SSBT) reflect the company's continued focus on enhancing convenience, transparency, and efficiency in employee services.

This digital platform will streamline air ticket booking for both official and personal journeys of employees and their dependents ensuring cost-effectiveness, flexibility, and seamless accessibility. The SSBT platform offers a wide array of employee-friendly features including real-time availability of best fares, zero service and convenience charges, corporate fare benefits, complimentary meals and seat selection as per airline policy, and 24x7 travel assistance.

Signed in the esteemed presence of Sh. Shallinder Singh, Director, Personnel (THDCIL), on the behalf of THDCIL, Sh. Neeraj Verma, Executive Director (NCR), signed the MoU and Sh. Ashok Gupta, Chief Operating Officer, signed on the behalf of Balmer Lawrie & Co. Ltd.

Sh. Ashutosh K. Anand, DGM, D(P) Sectt, THDCIL, Sh. Ashok Gupta, COO, B&L, Ms. Ruhi Singh, Head - MICE, B&L, Sh. Devender Tiwari, Head- Operations and KAM, B&L along with other officers of THDCIL and Balmer Lawrie & Co. Ltd. were present during the occasion.

This facility is extended to both serving and superannuated employees along with their dependents, making it a truly inclusive reform. The move reflects THDCIL's steadfast commitment to excellence in employee welfare, backed by innovation and integrity.

संघर्ष जितना बड़ा होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
The greater the struggle, the more glorious the victory.

टीएचडीसी के ₹600 करोड़ के कॉरपोरेट बॉन्ड्स (सीरीज़-XIII) 23 जुलाई को बीएसई और एनएसई में हुए सूचीबद्ध



शेयर बाजार में मजबूत भरोसे और निवेशकों के विश्वास को दर्शाते हुए, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने कॉरपोरेट बॉन्ड्स की सीरीज-XIII के तहत ₹600 करोड़ के लिए बिडिंग प्रक्रिया 18 जुलाई, 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न की। यह प्रक्रिया टीएचडीसी के कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में आयोजित की गई, जिसमें बीएसई-इलेक्ट्रॉनिक बिडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से 7.45% प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी कूपन दर निर्धारित हुई। उल्लेखनीय है कि इस इश्यू को प्रतिस्पर्धी रेट से 11 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ, जो टीएचडीसीआईएल के बॉन्ड्स में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर. के. विश्नोई ने कहा कि बॉन्ड सीरीज़ XIII का सफल समापन, टीएचडीसी के सुदृढ बुनियादी ढांचे, विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन और निरंतर परिचालन प्रदर्शन में निवेशकों के दृढ़ विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि एक विविधीकृत ऊर्जा उपक्रम के रूप में, टीएचडीसी विभिन्न ऊर्जा क्षेत्रों में प्रवेश कर अपने पोर्टफोलियो का निरंतर विस्तार कर रहा है और इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि कंपनी की वित्तीय स्थिति को और मज़बूत करेगी एवं चल रही रणनीतिक परियोजनाओं को सहयोग प्रदान करेगी।

टीएचडीसी के निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ श्री सिपन कुमार गर्ग ने जानकारी दी कि इस इश्यू में असुरक्षित, विमोचनीय, गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी कर योग्य बॉन्ड शामिल हैं, जिनका बेस साइज ₹200 करोड़ तथा ग्रीन शू विकल्प ₹400 करोड़ का है, जिससे कुल इश्यू साइज ₹600 करोड़ का बनता है। इस बॉन्ड की अवधि 10 वर्ष रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि इस इश्यू को बाजार से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली तथा बेस इश्यू साइज से 11 गुना अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ, जो टीएचडीसी की वित्तीय मजबूती, विवेकपूर्ण ऋण प्रबंधन और परिचालन उत्कृष्टता के निरंतर ट्रैक रिकॉर्ड में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है। बिडिंग प्रक्रिया के दौरान श्री सिपन कुमार गर्ग, निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ, श्री ए. के. गर्ग, महाप्रबंधक (वित्त), श्री हिमांशु चक्रवर्ती, अपर महाप्रबंधक (वित्त-बजट), सुश्री रश्मि शर्मा, कंपनी सचिव, टीएचडीसी तथा सुश्री हेमलता अग्रवाल, बीएसई प्रमुख, उत्तरी क्षेत्र (फिक्स्ड इनकम) उपस्थित रहीं। कंपनी को वर्तमान में इंडिया रेटिंग्स से "एए आउटलुक पॉजिटिव" तथा केयर रेटिंग्स से "एए आउटलुक स्टेबल" रेटिंग प्राप्त है, जो इसकी सुदृढ वित्तीय स्थिति और क्रेडिट प्रोफाइल को दर्शाती है। अब तक, टीएचडीसी ने कॉरपोरेट बॉन्ड की कुल 13 सीरीज जारी की है एवं कॉरपोरेट ऋण बाजार से 10,442 करोड़ रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक जुटाई है। टीएचडीसी द्वारा जारी सभी बॉन्ड में निवेशकों ने उल्लेखनीय रुचि प्रदर्शित की है, जो कंपनी में निवेशकों के निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

टीएचडीसीआईएल-आईकेसीए उच्च प्रदर्शन अकादमी के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का टिहरी में हुआ सम्मान

टिहरी परिसर में टीएचडीसीआईएल-आईकेसीए (इंडियन कयाकिंग एण्ड कैनोइंग) उच्च प्रदर्शन अकादमी, कोटेश्वर के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के असाधारण प्रदर्शन को सम्मानित करने हेतु 16 जुलाई, 2025 को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित अकादमी, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा इंडियन कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (IKCA) के सहयोग से तथा उत्तरांचल ओलंपिक संघ के समर्थन से स्थापित की गई थी और अब यह खेल उत्कृष्टता का प्रमुख केंद्र बन रही है। कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स) श्री एल. पी. जोशी ने उपस्थितजन को संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने एशिया-पैसिफिक कैनो स्प्रिंट कप 2025, जापान और जूनियर एवं अंडर-23 एशियन कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप 2025, थाईलैंड में किए गए उनके असाधारण प्रदर्शन की सराहना की और इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन और परिश्रम की सराहना की और बताया कि जुलाई -अगस्त 2024 में स्थापित यह अकादमी अल्प समय में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त बन गई है।

समारोह का मुख्य आकर्षण प्रिंस गोस्वामी का सम्मान था, जिन्होंने एशिया-पैसिफिक कैनो स्प्रिंट कप 2025, कोमात्सु, जापान में दो स्वर्ण पदक (C1-1000 मीटर एवं C1-500 मीटर) जीतकर देश को गौरवान्वित किया। उन्हें "गोल्डन बॉय ऑफ कैनोइंग इन इंडिया" की उपाधि प्राप्त हुई। वे अलेक्ज़ेंडर डायडचुक, डी.वी.एस. नेगी, ओ. जेम्सबॉय सिंह और वीरपाल कौर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित हुए।

जूनियर व अंडर-23 एशियन चैम्पियनशिप, थाईलैंड में इन खिलाड़ियों ने देश के लिए पदक हासिल किए। पी.एच. ज्ञानेश्वर सिंह एवं अरविंद वर्मा – रजत पदक (C2-500 मीटर), टोमथिलंगनबा नगाशेपम, हर्षवर्धन सिंह, रिमसन माइरेम्बम, जसप्रीत सिंह – टीम इवेंट में कांस्य पदक, गौरी कृष्णा एम – C2 इवेंट में कांस्य पदक। इन सभी खिलाड़ियों को अलेक्ज़ेंडर डायडचुक, ए. चिंग चिंग सिंह, और वीरपाल कौर के नेतृत्व में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिनमें शामिल थे: श्री एम.के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (पीएसडी/एचओपी-कोटेश्वर), श्री डी.पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), श्री मोहन सिंह सिरसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), श्री मनबीर सिंह नेगी, प्रबंधक – जन सम्पर्क और श्री गिरीश उनियाल, प्रबंधक – (मानव संसाधन एवं प्रशासन), कोटेश्वर। इस अवसर पर अकादमी के मुख्य तकनीकी और कोचिंग दल के सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें डॉ. सुमंत एस. कुलश्रेष्ठ (निदेशक, एचपीए), श्री अलेक्ज़ेंडर डायडचुक (विदेशी कोच), सुश्री वीरपाल कौर (महिला कोच), SAI-HPM श्री दिलीप बेनीवाल, आर्मी कोच श्री शांतिस्वरूप, एवं अन्य सहयोगी शामिल थे।

THDCIL Signs Landmark Power Purchase Agreements for 1200 MW Kalai-II Hydro Project, Advancing India's Green Energy Mission

Marking a significant stride towards Clean Energy generation and Sustainable development, THDC India Limited has signed Power Purchase Agreements for its upcoming 1200 MW Kalai-II Hydro Electric Project in Arunachal Pradesh. This milestone reflects the organizations commitment towards Sustainable development and a resilient Energy ecosystem.

Sh. R. K. Vishnoi, Chairman and Managing Director, THDCIL, emphasized that the signing of these agreements underscores the organization's vision to contribute meaningfully to cater the nation's energy demands. He stated that the 1200 MW Kalai-II project will play a pivotal role in reinforcing energy security through sustainable and environment-friendly power generation, aligning with India's broader vision of Viksit Bharat by 2047.

Sh. Vishnoi further added that the Kalai-II Hydro Electric Project marks a historic milestone for THDC India Limited, reinforcing our commitment to sustainable energy and regional development. This project not only strengthens India's Green energy goals but also serves as a catalyst for Socio-economic progress in Arunachal Pradesh. As the first CPSU-led initiative in the Lohit basin, it stands as a testament to our dedication to building a cleaner, more energy-secure future for India.

The signing ceremony was graced by Sh. Sipan Kumar Garg, Director (Finance), THDC India Limited. Sh. Garg remarked that this marks a strategic step in THDCIL's journey towards commercially viable clean energy solutions. It not only enhances our energy portfolio but also solidifies our financial and operational commitment to accelerating India's transition to green power. With long-term PPAs secured across key states and sectors, this project sets a strong precedent for future hydropower developments led by THDCIL.

The agreements were signed with three major entities. The first PPA was signed with the Uttar Pradesh Power Corporation Limited (UPPCL), Uttar Pradesh on 16th June 2025. The PPA was signed by Sh. R.K. Verma, AGM (I/C-Commercial) on behalf of THDC India Limited and Sh. Deepak Raizada, Chief Engineer- on behalf of UPPCL. The second agreement was signed with Tripura State Electricity Corporation Limited (TSECL), Tripura on 18th July 2025. The PPA was signed by Sh. R.K. Verma, AGM (I/C-Commercial) on behalf of THDC India Limited and Smt. Sujata Sarkar, DGM on behalf of TSECL. And the third PPA was signed with Indian Railways on 31st July 2025 at Rishikesh. The PPA was signed by Sh. R.K. Verma, AGM (I/C-Commercial) on behalf of THDC India Limited and Sh. Ashish Mehrotra, Chief Electrical Distribution Engineer on the behalf of Indian Railways.

Sh. S. K. Chaurasia, SE-PPA, UPPCL, Sh. Aashish Awasthi, SSE-Indian Railways (NR), Sh. Ajay Vaish, AGM (Commercial), Sh. Neeraj Kumar, AGM (Commercial), Sh. J. K. Hatwal, DGM (Commercial), Sh. Rakesh Singh, Senior Manager (Commercial) and Sh. Rahul Kumar, Assistant Manager (Commercial) was also present during this occasion.

The Kalai-II Hydro Electric Project is poised to become a cornerstone in India's hydropower development, fostering interstate collaboration and bolstering the country's ambitions for a low-carbon, energy-secure future.

संघर्ष जितना बड़ा होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
The greater the struggle, the more glorious the victory.

Winners of Award & Reward Scheme

Naman Award 2025

Sh. D. V. SIngh
Ex-CMD
THDCIL

